त्रैमासिक परीक्षा - 2025-26
कक्षा - 9वीं “सेट-अ”
विषय - हिन्दी

समय–3 घंटा | पूर्णांक–75

निर्देश :-

i. सभी पश्न अनिवार्य हैं |
ii. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं |
iii. प्रश्न क्रमांक– 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं | प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं |
iv. प्रश्न क्रमांक– 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न होंगे | प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं |
v. प्रश्न क्रमांक– 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न होंगे | प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं |
vi. प्रश्न क्रमांक– 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न होंगे | प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं |

---

1. सही विकल्प चयन कर लिखिए – (1×6=6)

i. अब्राहम लिंकन ने पत्र किसके नाम लिखा था -
(अ) पुत्र के दादा (ब) पुत्र के दोस्त
(स) पुत्र के शिक्षक (द) पुत्र के नाना

ii. ‘एक दिन भुज का’ पाठ में लेखक किससे बात करता है -
(अ) कविता से (ब) डायरी से
(स) कहानी से (द) नाटक से

iii. विश्व का सबसे बड़ा अंतरिक्ष संस्थान ‘नासा’ किस देशा में है -
(अ) भारत (ब) अमेरिका
(स) चीन (द) जापान

vi. जो अपनी किस्मत रचते हैं उन्हें क्या कहते हैं -
(अ) साहसी (ब) आलसी
(स) रचयिता (द) मेहनती

v. निम्न में से विशेषण छाँटि -
(अ) भोजन (ब) पत्नी
(स) लिखना (द) गर्म-गर्म

vi. वर्ण ‘व’ का उच्चारण स्थान है -
(अ) नासिका (ब) दंत मूल
(स) दंत (द) दंत + ओष्ठ

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए – (1×6=6)

i. अंतरिक्ष यात्री को खाने के लिए केवल …………… पदार्थ दिया जाता है |
ii. हम तो …………… परोसना ही भूल गया |
iii. इतने में जल के भीतर से एक वृद्ध …………… बोली |
iv. पं. जसराज को …………… भी कहा जाता है |
v. हथियार जो फेंक कर चलाया जाएँ उसे …………… कहते है |
vi. हेलेन केलर परिस्थितियों से …………… नहीं मानती थीं |

3. निम्नलिखित कथनों के समक्छ सत्य या असत्य लिखिए– (1×6=6)

i. ‘अड़ियल’ शब्द का अर्थ हठी है |

ii. ‘उत्थान’ शब्द का विलोम ‘पतन’ है |

iii. झूरी के बैल मुराई जाति के थे |

iv. हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी |

v. झूरी बैलों को देखकर स्न्नेह से गद गद हो गा |

vi. गया झूरी का चाचा था |

4. सही जोड़ी मिलन कर लिखिए – (1×6=6)

| ``अ`` | ``ब`` |
|---|---|
| i. दो बैलों की कथा | (क) स्मरण |
| ii. गर्म-गर्म | (ख) मुंशी प्रेमचंद |
| iii. याद | (ग) रोटी |
| iv. भारत का अंतरिक्ष केन्द्र | (घ) इसरो |
| v. दुख | (ड़) आदमी के योग्य |
| vi. सम्मानिय | (च) सुख |

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1×6=6)

i. डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम पाठ की विधा लिखिए |

ii. पराकाष्ठा शब्द का क्या अर्थ है ?

iii. हेलेन केलर ने किन-किन भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया थी ?

iv. दोनों बौलों को छोटी बच्ची क्या खिलाने आती थी ?

v. झूरी काछी के बैलों के नाम लिखिए |

vi. वे शब्दांश जो शब्द बनाते समय पहले में लगते है उन्हें क्या कहते है ?

6. कण्ठ से उच्चारित होने वाले वर्ण लिखिए | (2)

अथवा

बरसात के मौसम में क्या-क्या होता हैं ?

7. मांसिक वेतन को पूर्णमासी का चाँद क्यों कहा गया है ? (2)

अथवा

‘सूरज का व्याह’ कविता की प्रथम दो पंक्तियाँ लिखिए |

8. कबीर के भाव सौंदर्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए | (2)

अथवा

कबीर की कोई दो रचनाएँ लिखते हुए हिन्दी साहित्य में उनका स्थान लिखिए |

9. ज्ञान की आँधी का भक्त के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ? (2)

अथवा

कबीर ने ईश्वर को ‘सब स्वाँसो की स्वाँस में’ क्यों कहा है ?

10. देशज (देशी) शब्द किसे कहते हैं ? कोई दो देशज शब्द लिखिए | (2)

अथवा

सन्धि की परिभाषा लिखते हुए सन्धि के प्रकार के नाम लिखिए |

11. तत्सम और तद्भव में कोई दो अंतर लिखिए | (2)

अथवा

मुहावरे और लोकोक्ति में कोई दो अंतर लिखिए |

12. 'क्रम' व 'ड्रम' शब्दों को विच्छेद करके लिखिए | (2)

अथवा

आज सुबह से उठकर आपने क्या-क्या किया ?

13. जल के भीतर से वृध्दि मछली ने सभी जीव-जंतुओं से क्या कहा है ? (2)

अथवा

'पत्नी, साँप, गुझिया' इंन संज्ञा शब्दों का व्याक्यों में प्रयोग कीजिए |

14. मुंशी प्रेमचंद के साहित्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए | (2)

अथवा

मुंशी प्रेमचंद की कोई दो रचनाएँ लिखते हुए हिन्दी साहित्य में उनका स्थान लिखिए |

15. कांजी हौस में पशुओं की हाज़िरी क्यों ली जाती थी ? लिखिए | (2)

अथवा

किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी ? लिखिए |

16. निपात शब्द किसे कहते हैं ? लिखिए | (2)

अथवा

विलोम शब्द किसे कहते हैं ? लिखिए |

17. गोलंबर के पास जनसंपर्क की गड़ी क्या ऐलानस कर रही थी ? (2)

अथवा

बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कौन-कौन सी बीमारी फैलने का खतरा है ?

18. निम्नलिखित कव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (3)

प्रेमी ढूँडत मैं फिरौं, प्रेमी मिले न कोई |
प्रेमी कौं प्रेमी मिले, सब विष अमृत होई ||

अथवा

उँचे कुल का जनमिया, जे करनी उँच न होई |
सुबरन कलस सुरा भरा, साधू निंदा सोइ ||

19. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (3)

जानवरों में गधा सबसे ज्यादा बुद्धिहीन समझा जाता है | हम जब किसी आदमी को पहले दरजे का बेवकूफ कहना चाहते हैं, तो उसे गधा कहते हैं | गधा सचमुच बेवकूफ है, या उसके सीधेपन, उसकी निरापद सहिष्णुता ने यह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता |

अथवा

दोनों बौलों का ऐसा अपमान कभी न हुआ था | झूरी उन्हें फूल की छड़ी से भी न छूता था | उसकी टिटकार पर दोनों उड़ने लगते थे | यहाँ मार पड़ी | आहत-सम्मान की व्यथा तो थी ही, उस पर मिला सूखा भूसा | नाँद की तरफ आँखें न उठाई |

20. दिए गए विराम चिह्नों का प्रयोग कर वाक्य लिखिए – (3)

?
|
!
,

अथवा

रेलगाड़ी /बस /बैलगाड़ी /साइकिल /मोटरसाइकिल में से जिस पर आपने यात्रा की हो उस यात्रा का

विवरण अपने शब्दों में लिखिए |

21. निम्नलिखित में अपटित गद्यांश को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए - (4)

अंग्रेजी में एक कहावत है कि सत्य के बाद स्वच्छता का स्थान है | अर्थात् स्वच्छता जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में शामिल है | मनुष्य मात्र में स्वच्छता विचार उत्पन्न करने के लिए शिक्षा का प्रचार करना अनिवार्य है, इसलिए शिक्षित व्यक्ति स्वयं ही स्वच्छता की ओर प्रवृत्त हो जाता है | बाहय आ स्वच्छता का प्रभाव हमारी आंतरिक स्वच्छता पर भी पड़ता है | वही आंतरिक स्वच्छता सदाचार, नैतिक मूल्य, सदविचार एवं अच्छी संगती से प्राप्त है |

प्रश्न -

i. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शार्षक लिखिए |
ii. बाहय स्वच्छता का प्रभाव किस पर पड़ता है ?
iii. आंतरिक स्वच्छता कैसे प्राप्त होती है |
iv. जीवन की मूल आवश्कताओं में क्या शामिल है ?

22. अपने मित्र को 'प्रावीण्य' सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई पर लिखिए | (4)

अथवा

तीन दिवस के अवकाश हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए |

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रुपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए - (4)

i. आदर्श मित्र
ii. विद्यालय में मेरा पहला दिन
iii. जीवन में खेलों का महत्व
iv. पर्यावरणय प्रद्रषण : कारण एवं निदान
v. मेरा प्रिय पुस्तक